म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल
E-mail - mandiboardsamanvay@gmail.com

क्रमांक/बोर्ड/VC/Jan/2025/ 2107 भोपाल, दिनांक 17/01/2025

प्रति,

तकनीकी निदेशक,
राष्ट्रीय सूचना केन्द्र
भोपाल

विषय :- मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की वीडियों कान्फ्रेंस मासिक समीक्षा बैठक दिनांक 20/01/2025 के लिए आवंटित स्लॉट का समय परिवर्तन करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन **(मंडी) बोर्ड**, की मासिक वीडियों कान्फ्रेंस समीक्षा बैठक के लिए **एन.आई.सी** द्वारा तृतीय सोमवार सायंकाल 04:30 से 06 :00 बजे तक का स्लॉट निर्धारित कर आवंटित किया गया है। तदानुसार माह जनवरी 2025 की मासिक वीडियों कान्फ्रेंस समीक्षा बैठक दिनांक 20/01/2025 को सायंकाल 04:30 बजे से आयोजित की जाने की सूचना कार्यालयीन पत्र क्रमांक/मंडी बोर्ड/समन्वय/VC/Jan/2025/2103-2104 दिनांक 13/01/2025 से जारी की गई है।

उपरोक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से उक्त आवंटित समय में नही की जा सकेगी। अतः समय परिवर्तन करते हुए दिनांक **20/01/2025** की वीडियों कान्फ्रेंस समीक्षा बैठक दोपहर **02:00 से 04:00** बजे आयोजित करने हेतु समय परिवर्तन करने का कष्ट करें।
(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा निर्देशित)

17/01/25

अपर संचालक (समन्वय)
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/VC/Jan/2025/ 2108 भोपाल, दिनांक 17/01/2025

प्रतिलिपि :-

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।
2. अपर संचालक/संयुक्त संचालक/अधीक्षण यंत्री/उप संचालक/कार्यपालन यंत्री/सहायक संचालक (समस्त), म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल की ओर प्रेषित कर लेख है कि वीडियों कान्फ्रेंस समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दु प्रारूप प्रबंध संचालक महोदय द्वारा निर्धारित किये गए है। कृपया अपने अधीनस्थ शाखाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रारूप में तैयार कर **PPT (Slides)** में चीफ प्रोग्रामर मंडी बोर्ड मुख्यालय एवं हार्ड कॉपी समन्वय शाखा को **15/01/2025** तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराने हेतु लेख किया गया था। वांछित जानकारी आज ही संबंधित को उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

Scanned with CamScanner

3. संयुक्त संचालक/उप संचालक/कार्यपालन यंत्री, तकनीकी संभाग, (समस्त) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय, (समस्त) की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि बैठक का समय अपरान्ह **02:00 से 04:00** बजे तक रहेगा। तदानुसार अपनी उपस्थिति नियत स्थान पर सुनिश्चित करें।

4 उप संचालक/सहायक संचालक (प्रशासन), म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल की ओर प्रेषित। कृपया उपरोक्तानुसार वीडियो कांफ्रेंस समीक्षा बैठक के लिए आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही/व्यवस्थाएं कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

5. चीफ प्रोग्रामर, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल की ओर प्रेषित कृपया वीडियो कांफ्रेंस समीक्षा बैठक के लिए निर्धारित एजेण्डा बिन्दु अनुसार जानकारी **PPT (Slides)** प्रेजेन्टेशन तैयार कराने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें।

6. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, (समस्त), जिला (म.प्र), की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि बैठक का समय अपरान्ह **02:00 से 04:00** बजे तक रहेगा। तदानुसार अपनी उपस्थिति नियत स्थान पर सुनिश्चित करें।

नोट: वीडियो कान्फ्रेंस समीक्षा बैठक दिनांक **20/01/2025** (तृतीय सोमवार) समय अपरान्ह **02:00 से 04:00** बजे तक वल्लभ भवन क्रमांक-1 में वीडियो कांफ्रेसिंग कक्ष क्रमांक 117 प्रथम तल पर आयोजित की गई है।

अपर संचालक (समन्वय)
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Scanned with CamScanner